राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2026/ दिनांकः

प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्राधीक्षक,
प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर।

विषयः राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत माह मई–2026 की प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं पत्र क्रमांक उ.कु./गोप. प्रथम/2026/105 दिनांक 23.07.2026, उ.कु./गोप. प्रथम/2026/429 दिनांक 03.08.2026 एवं उ.कु./गोप. प्रथम/2026/37 दिनांक 10.08.2026 की निरन्तरता में सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत सेमेस्टर–द्वितीय (केवल बकाया), चतुर्थ एवं षष्ट्म (नियमित एवं स्वयंपाठी) की प्रायोगिक परीक्षा–2026 सम्पन्न करवाकर अंक विश्वविद्यालय परीक्षा पोर्टल www.univraj.org पर College Panel के माध्यम से अपलोड़ करने तथा किसी महाविद्यालय द्वारा आनन्दम्, एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के C.A. एवं EoSE के अंक जो कि महाविद्यालय द्वारा ही भरे जाने हैं, उन्हें भी अपलोड़ करने का **दिनांक 30.08.2026 तक अंतिम अवसर** प्रदान किया जाता है।

उक्त समयावधि में किसी महाविद्यालय द्वारा यदि अंक अपलोड़ नहीं किए जाते हैं तो उस महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अनुपस्थित दर्शाते हुए परीक्षा परिणाम जारी कर दिया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

Sd
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2026/ 1219 – 1228 दिनांकः 25-8-2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत हैः–

1. श्रीमान् आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।
2. समस्त अधिष्ठाता/संयोजक, पाठ्यक्रम अध्ययन मण्डल, रा.वि.वि., जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, रा.वि.वि., जयपुर।
4. अतिरिक्त कुलसचिव, रा.वि.वि., जयपुर।
5. निजी सचिव, कुलगुरु/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, रा.वि.वि., जयपुर।
6. सहायक कुलसचिव, परीक्षा संचालन, रा.वि.वि., जयपुर।
7. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त परिपत्र को प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र के पोर्टल एवं ई–मेल आईडी पर भी भिजवाये।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)

राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक : प.नि./2026/ 584 दिनांक : 6/8/26

प्राचार्य/प्राचार्या,
विश्वविद्यालय सम्बद्ध (राजकीय एवं निजी महाविद्यालय),
जयपुर/दौसा।

विषय :- विश्वविद्यालय परीक्षा कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

प्रायः यह देखा गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि तक कुछ परीक्षकों द्वारा सैद्धान्तिक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन तथा प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन नहीं किया जाता है, जबकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत आयोजित होने वाली परीक्षाओं में निर्धारित समयावधि में परीक्षा परिणाम जारी किया जाना अति-आवश्यक है। कुछ परीक्षकों की लापरवाही एवं अनावश्यक विलम्ब के कारण शैक्षणिक सत्र प्रभावित होता है।

अतः समस्त प्राचार्य/प्राचार्या से निवेदन है कि अपने महाविद्यालय में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि के दौरान प्रायोगिक परीक्षाओं का आयोजन कराने में सहयोग प्रदान करावें। साथ ही अपने महाविद्यालय के संबंधित शिक्षकों को निर्धारित समयावधि में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षाओं संबंधी कार्य पूर्ण गम्भीरता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देश प्रदान करें। परीक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी अथवा लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। यदि किसी शिक्षक को अपरिहार्य कारणवश निर्धारित समय पर कार्य करने में कठिनाई हो तो, वे पूर्वानुमति प्राप्त कर आवश्यक सूचना कार्यालय को प्रेषित करें।

विश्वविद्यालय परीक्षा कार्य में अनावश्यक विलम्ब अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

भवदीया,

-sd-
कुलसचिव

क्रमांक : प.नि./2026/ 585-590 दिनांक : 6/8/26

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. श्रीमान् आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि अपने अधीनस्थ प्राचार्य/प्राचार्या को विश्वविद्यालय परीक्षा कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने हेतु निर्देशित करने का श्रम करें।
2. निजी सचिव कुलगुरु/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

06.08.26
परीक्षा नियंत्रक

राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2026/ दिनांकः

प्राचार्य/प्राचार्या/केन्द्राधीक्षक,
प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर।

विषयः राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत सत्र 2025–26 सेमेस्टर–द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ट्म (नियमित एवं स्वयंपाठी) की प्रायोगिक परीक्षा–2026 के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं पत्र क्रमांक उ.कु./गोप. प्रथम/2026/105 दिनांक 23.07.2026 एवं उ.कु./गोप. प्रथम/2026/429 दिनांक 03.08.2026 की निरन्तरता में सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत सेमेस्टर–द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ट्म (नियमित एवं स्वयंपाठी) की प्रायोगिक परीक्षा–2026 सम्पन्न करवाकर अंक विश्वविद्यालय परीक्षा पोर्टल www.univraj.org पर College Panel के माध्यम से सम्बन्धित सेमेस्टर की अंतिम सैद्धान्तिक परीक्षा के सात दिवस अथवा नीचे उल्लेखित तिथि जो भी बाद में हो, पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें:–

क्र.सं.	सेमेस्टर	दिनांक
1.	सेमेस्टर–द्वितीय	16.08.2026
2.	सेमेस्टर–चतुर्थ	25.08.2026
3.	सेमेस्टर–षष्ट्म	20.08.2026

स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा–2026 हेतु परीक्षार्थियों द्वारा जिस केन्द्र/महाविद्यालय पर प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उसी केन्द्र पर आयोजित होगी। यदि आपके केन्द्र/महाविद्यालय द्वारा किसी भी छात्र के अंकों को New TRF करके दर्ज किया जाता है तो उन छात्रों की सूची अनिवार्य रूप से कार्यालय को पत्र के माध्यम से प्रेषित करें। केन्द्र/महाविद्यालय द्वारा किसी भी छात्र के अंकों को मैनुअल/ऑफलाइन भेजे जाते हैं, तो ऐसे अंकों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं करते हुए इनका परीक्षा परिणाम अनुपस्थित मानकर घोषित कर दिया जावेगा। साथ ही प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा–निर्देश हेतु वेबसाइट www.uniraj.ac.in पर परीक्षा गोपनीय अनुभाग द्वारा जारी पत्र क्रमांक उ.कु. गोपनीय/2025–26/262–270 दिनांक 23.12.2025 का अवलोकन करें।

प्रायोगिक परीक्षा सम्बन्धी कार्य पूर्ण गम्भीरता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ निर्धारित तिथि तक पूर्ण करावें, निर्धारित तिथि तक कार्य करने में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरन्त परीक्षा गोपनीय अनुभाग में संपर्क करें। अंतिम तिथि पश्चात् किसी भी ग्रीवेन्स पर विचार नहीं होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत आयोजित परीक्षाओं का निर्धारित समयावधि में परीक्षा परिणाम जारी किया जाना अति–आवश्यक है। अतः प्रायोगिक परीक्षा कार्य प्राथमिकता के आधार पर सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

-Sd-

परीक्षा नियंत्रक

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2026/38–47 दिनांकः 06/5/26

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत हैः–

1. श्रीमान् आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान जयपुर।
2. समस्त अधिष्ठाता/संयोजक, पाठ्यक्रम अध्ययन मण्डल, रा.वि.वि., जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, रा.वि.वि., जयपुर।
4. अतिरिक्त कुलसचिव, रा.वि.वि., जयपुर।
5. निजी सचिव, कुलगुरू/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, रा.वि.वि., जयपुर।
6. सहायक कुलसचिव, परीक्षा संचालन, रा.वि.वि., जयपुर।
7. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त परिपत्र को प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र के पोर्टल एवं ई–मेल आईडी पर भी भिजवाये।

सहायक कुलसचिव (गोपनीय)